**पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग),**

**भारत सरकार**

*********

**‘हर काम देश के नाम’**

**नई दिल्ली, कार्तिक 26, 1945**
**शुक्रवार, नवंबर 17, 2023**

# रक्षा मंत्री ने जकार्ता में तिमोर-लेस्ते के रक्षा मंत्री के साथ बातचीत की

## रक्षा क्षेत्र में तिमोर-लेस्ते की विकास संबंधी आवश्यकताओं के लिए भारत के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया

इंडोनेशिया में अपने कार्यक्रमों के दूसरे और अंतिम दिन, रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 17 नवंबर, 2023 को जकार्ता में तिमोर-लेस्ते के रक्षा मंत्री रियर एडमिरल प्रोफेसर डॉ. डोनासियानो डो रोसारियो दा कोस्टा गोम्स के साथ द्विपक्षीय बैठक की। रक्षा मंत्री ने तिमोर-लेस्ते की विकास संबंधी आवश्यकताओं विशेषकर रक्षा क्षेत्र में भारत के निरंतर समर्थन का आश्वासन दिया। दोनों मंत्रियों ने भारत में निर्मित रक्षा उपकरण उपलब्ध कराना, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण सहित भविष्य में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

तिमोर-लेस्ते के रक्षा मंत्री ने अपने देश में भारत द्वारा दूतावास खोलने के फैसले का स्वागत किया और अपने मंत्रालय के समर्थन की पेशकश की। उन्होंने आसियान का पूर्ण सदस्य बनने के तिमोर-लेस्ते के प्रयासों में भारतीय समर्थन के लिए भी रक्षा मंत्री को धन्यवाद दिया।

इस बैठक के बाद श्री राजनाथ सिंह ने जकार्ता में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की, जिसमें इंडोनेशिया के विभिन्न भारतीय संगठनों के नेता और सदस्य शामिल थे। उन्होंने भारत के साथ उनके गहरे और घनिष्ठ संबंध की सराहना की और पिछले दशक में डिजिटल इंडिया, नई शिक्षा नीति, महिला सशक्तिकरण, जल जीवन अभियान, ग्रामीण सड़क कनेक्टिविटी, प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण आदि भारत

सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सहरी राजनाथ सिंह जकार्ता के प्लुइट में शिव मंदिर गए और वहाँ पूजा-अर्चना की।

रक्षा मंत्री ने 16 नवंबर, 2023 को जकार्ता में 10वीं आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक (एडीएमएम-प्लस) में भाग लिया था।

**एबीबी/एसएस**